Title: Need to set up Radio Station in Seoni district, Madhya Pradesh-Laid

श्री रामनरेश त्रिपाठी (सिवनी) : मध्य प्रदेश के सिवनी जिले में आकाशवाणी केन्द्र खोलने की मांग वर्षों से जनता करती रही है। सिवनी जिला अनेक सभ्यताओं तथा संस्कृतियों का संगम स्थल है तथा अपनी गौरवमयी विभिन्न साहित्यिक संस्कृति की गतिविधियों के लिए प्रसिद्ध है। यह जिला वर्षों से अपनी पुरातन परम्पराओं तथा कला की विद्याओं को सहेजे हुए है। आकाशवाणी केन्द्र के अभाव में इन कलाओं को न तो प्रदर्शित होने का अवसर मिलता है, न ही प्रोत्साहित होने का, जिसके कारण यहां के कलाकार तथा कलाएं सीमित दायरे में सिमट कर रह गई हैं।

मेरा भारत सरकार से आग्रह है सिवनी जिले में शीघ्र आकाशवाणी केन्द्र स्थापित करके क्षेत्र की वर्षों पुरानी मांग पूरी कर जनता को अनुगृहित करें।